प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- चंपाई के बाद अब झामुमो के बागी नेता लोबिन हेम्ब्रम भी भाजपा में हुए शामिल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिलायी सदस्यता।

- झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन को संगठन में सौंपा जायेगा महत्वपूर्ण दायित्व, कोर कमिटी में भी होंगे शामिल।

- झारखंड हाईकोर्ट ने कहा– राज्य में चल रहा है आदिवासियों के धर्मांतरण का खेल, केन्द्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का दिया आखिरी मौका।

- उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए पलामू और गिरिडीह में आयोजित दौड़ में चार अभ्यर्थियों की मौत, दर्जनों हुए बेहोश, भाजपा ने राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेवार।

- मौसम विभाग ने राजधानी रांची, पलामू, लोहरदगा और चतरा समेत 18 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट किया जारी, कल तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बाद अब झामुमो नेता लोबिन हेम्ब्रम ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। पिछले लोकसभा चुनाव मे झामुमो ने टिकट नहीं दिया था। इसके बाद उन्होंने राजमहल सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ा था। चंपाई सोरेन के बाद लोबिन हेम्ब्रम झामुमो के दूसरे बड़े नेता हैं, जो भाजपा में शामिल हुए हैं। संथाल की राजनीति में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पार्टी में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को संगठन में महत्पूर्ण दायित्व सौंपा जायेगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि श्री सोरेन को भाजपा कोर कमिटी में भी शामिल किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि चंपाई सोरेन के सहयोग से भाजपा राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार को सत्ता से बेदखल करने में कामयाब होगी।

****

इस बीच झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया है कि राज्य में अगली सरकार भी झामुमो के नेतृत्व में बनेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रमुख विपक्षी दल भाजपा राजनीतिक तौर पर झामुमो गठबंधन से मुकाबले के लिए सक्षम नहीं है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आजादी के सात दशक बाद देश ने पहली बार कानूनी ढांचे में बड़े और अहम बदलाव किये हैं। आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा–

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में आदिवासियों का धर्मांतरण रोकने के मामले में सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायाधीश एके राय की खंडपीठ ने इस मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि झारखंड में घुसपैठ के जरिये आदिवासियों के धर्मांतरण का खेल हो रहा है और सरकारें चुप हैं।

अदालत ने इस मामले में केन्द्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका देते हुए कहा कि जवाब नहीं देने पर कोर्ट की ओर से जुर्माना भी लगाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने झारखंड में पेसा कानून लागू करने की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या, सदस्य डा. आशा लकड़ा, निरुपम चकमा और जाटातु हुसैन ने राज्य के मुख्य सचिव और अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित हो रही है। यह जनजातियों के साथ अन्याय है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में अभ्यर्थियों के बेहोश होने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। पिछले चौबीस घंटे में इलाज के दौरान चार अभ्यर्थियों की मौत भी हुई है। इनमें पलामू के तीन और गिरिडीह का एक अभ्यर्थी शामिल है। हमारे पलामू संवाददाता ने बताया कि जिले में 27 अगस्त से चल रही दौड़ में अब तक छह दर्जन से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं।

इधर अभ्यर्थियों के लगातार बेहोश होने की घटना से चिकित्सक भी हैरान हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. आरके रंजन ने कहा कि बेहोश होने वाले अभ्यर्थियों के व्यवहार से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन्होंने किसी शक्तिवर्द्धक दवा का सेवन किया है।

इधर, भाजपा सांसद विष्णुदयाल राम ने इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में सुविधाओं के अभाव के कारण भी मौत की संख्या बढ़ रही है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है उनमें रांची के अलावा पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और चतरा भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने कल तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जतायी है।

****